# मेरी लाज बचाई श्री कृष्ण भजन लिरिक्स

मेरी लाज बचाई,

बिछड़े कभी ना हम,
बस तेरे दर से,
दया का हाथ रहे,
इस दास के सर पे।

जब भी मैं हारा,
आके कन्हाई मेरी लाज बचाईं,
दु:ख की घडी में,
पोंछ के आंसू मेरी लाज बचाईं,
दया तूने मोपे मेरे श्याम दिखाई,
मेरी लाज बचाईं।bd।

तर्ज – लम्बी जुदाई।

---

गर्दिश में अपनों ने,
मुखड़ा जो मोड़ा,
तूने ही थामा मेरा,
हाथ ना छोड़ा,
कसके यूँ तूने मेरी पकड़ी कलाई,
मेरी लाज बचाईं।bd।

---

भूल ना पाऊं मेरा,
गुजरा ज़माना,
तूने शरण में बाबा,
दिया था ठिकाना,
जीवन जियूं मैं कैसे कला ये सिखाई,
मेरी लाज बचाईं।bd।

---

गिन भी ना पाऊं दानी,
उपकार तेरे,
दुखड़े मिटाये तूने,
हर बार मेरे,
मोर की छड़ी मेरे सर पे घुमाई,
मेरी लाज बचाईं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

शब्दों में कर ना पाऊं,
शुक्राना तेरा,
आंसू ये 'हर्ष' के हैं,
नज़राना तेरा,
आंसुओं पे मेरे तूने दया जो दिखाई,
मेरी लाज बचाईं।bd।

जब भी मैं हारा,
आके कन्हैया मेरी लाज बचाई,
दु:ख की घडी में,
पोंछ के आंसू मेरी लाज बचाईं,
दया तूने मोपे मेरे श्याम दिखाई,
मेरी लाज बचाईं।bd।

**Singer – Nutan Sharma**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com